# कैसे करूँ धन्यवाद मावड़ी | by Ganga Sharma

कैसे करूँ धन्यवाद मावड़ी
तूने इतना दिया है मुझे प्यार मावड़ी
कैसे करूँ धन्यवाद्........

सोचा ना समझा था मैंने तूने इतना दिया है
दर दर की मैंने ठोकर खाई तूने थाम लिया है
मैं तो तेरी हुई हूँ कर्ज़दार मावड़ी
कैसे करूँ धन्यवाद्........

अपनों के तानो को सुनकर मैं तो टूट गई थी
हार गई थी बिखर गई थी, खुद से रूठ गई थी
फिर तूने लिया है सम्भाल मावड़ी
कैसे करूँ धन्यवाद्........

गंगा ने जिस दिन से तुझको अपना मान लिया है
अपना सारा जीवन तेरे चरणों में सौंप दिया है
यूँ ही सिर पे तू रखना अपना हाथ मावड़ी
कैसे करूँ धन्यवाद्........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%a7%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-by-ga/